# कोविड़ -19 पर 'जन आंदोलन' अभियान में बीईएमएल की पहल

बीईएमएल ने अपनी सभी इकाइयों में कोविड़-19 के संबंध में जारी दिशानिर्देशों और मानदंडों का पालन करने का संकल्प लिया। उन्होंने भी दूसरों में जागरूकता फैलाने का वादा किया।

डॉ. दीपक कुमार होता, सीएमडी, बीईएमएल ने बीईएमएल सामूहिक कार्यालय में बीईएमएल निदेशकों, कार्यपालकों और कर्मचारियों को प्रतिज्ञा दिलाई। उन्होंने सभी को सतर्क रहने और सामाजिक दूरी बनाए रखने, मास्क पहनने और नियमित रूप से हाथ धोने के अनिवार्य दिशानिर्देशों का पालन करने को कहा। उन्होंने कहा, "सभी के बीच जागरूकता फैलाना हमारा प्रयास है, जो आगे चलकर अपने परिवारों और समाज में इसे आगे बढ़ाएंगे।"



*डॉ. दीपक कुमार होता, सीएमडी, बीईएमएल (दाहिने ओर से प्रथम) ने बीईएमएल सामूहिक कार्यालय में बीईएमएल के निदेशकों, कार्यपालकों और कर्मचारियों को प्रतिज्ञा दिलाई*



*डॉ. दीपक कुमार होता, सीएमडी, बीईएमएल (दाहिने ओर से प्रथम) ने बीईएमएल सामूहिक कार्यालय में बीईएमएल के निदेशकों, कार्यपालकों और कर्मचारियों को प्रतिज्ञा दिलाई*

बीईएमएल बैनर और अन्य संबंधित सूचना सामग्रियों को प्रदर्शित करते हुए बेहतर स्वास्थ्य प्रथाओं का व्यापक रूप से प्रचार कर रहा है और सुरक्षित तथा स्वस्थ रहने के लिए पूर्वोपायों के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग किया जा रहा है।

इसके अलावा, बीईएमएल ने कोरोना वायरस की श्रृंखला को पूर्ण रूप में निकालने के लिए तथा अपने कारखानों और टाउनशिप में फिर से काम शुरू करने के संबंध में दिशानिर्देश प्रदान करने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को कार्यान्वित किया।

बेंगलूर
19 अक्तूबर 2020

बीईएमएल लिमिटेड द्वारा रिलीस